# पीएम इंटर्नशिप के लिए आवेदन आज से शुरू

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए आज (शनिवार) शाम से युवा पोर्टल पर पंजीकरण कर पाएंगे।

कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय से जुड़े सूत्रों ने बताया कि शुक्रवार शाम तक 90,849 इंटर्नशिप पदों के लिए 193 कंपनियों ने पोर्टल पर पंजीकरण कराया है। जानकारी के मुताबिक इंटर्नशिप के अवसर मुहैया कराने वाली कंपनियों में जुबिलेंट फूडवर्क्स, मारुति सुजुकी इंडिया, आयशर मोटर लिमिटेड, लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड, मुथूट फाइनेंस, रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे दिग्गज कंपनियां शामिल हैं।

■ **193 कंपनियों ने 90,849 इंटर्नशिप का पंजीकरण किया**

इंटर्नशिप के अवसर 24 क्षेत्रों में उपलब्ध कराए जाएंगे। इसमें तेल, गैस और ऊर्जा क्षेत्र में सबसे अधिक अवसर मिलेंगे। इसके बाद यात्रा और पर्यटन ऑटोमोबाइल, बैंकिंग और वित्तीय सेवाएं शामिल हैं।

इंटर्नशिप के अवसर देश भर में उपलब्ध होंगे। 37 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 737 जिलों में उपलब्ध कराए जाएंगे। ध्यान रहे कि इंटर्नशिप के लिए 21 से 24 वर्ष के युवा आवेदन कर सकते हैं।

इच्छुक एवं योग्य युवा **https://pminternship.mca.gov.in** पर क्लिक करके आवेदन कर सकते हैं। इंटर्नशिप की शुरूआत दो दिसंबर से होगी।